हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

12 पूर्व सैनिकों ने मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता ...



12 अंग्रेजी भाषा दिवस पर गुंडाधुर कालेज में हुए विविध...



# 22 गांवों में पहली बार पहुंची बिजली, ग्रामीणों के चेहरों पर झलकीं खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत सुकमा के इस क्षेत्र में विद्युतीकरण पूरा किया गया है, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो रहा है। वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित 22 गांव के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा। विद्युत कंपनी के प्रयास से अब वे गांव भी रोशन हो रहे हैं, जो आजादी के बाद से अंधेरे में थे। गांवों के घरों में जीवन में नई रोशनी आई है। शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत इस क्षेत्र में विद्युतीकरण पूरा किया गया है, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो सकेगा। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता सलीम खान एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से कार्य किया। बताया जा रहा है कि नक्सल प्रभावित और सुदूर क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव) के माध्यम से विकास की नई किरण पहुंची है। सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के बाद, सुकमा जिले के 22 से अधिक दूरस्थ गांवों में पहली बार बिजली की सुविधा पहुंचाई गई है, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नियद नेल्लानार योजना से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंची सर्वाधिक रौशनी

### डिजिटल सेवाओं का होगा विस्तार

बताया जा रहा है कि बिजली की सुविधा मिलने से गांव में अब कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अब पहले से बेहतर हो सकेगी, क्योंकि अब वे रात में भी रोशनी में अध्ययन कर सकेंगे। बिजली आने से डिजिटल सेवाओं का विस्तार होगा, जिससे गांव के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।





### 24 गांवों का भी शीघ्र होगा विद्युतीकरण

विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान ने इस संबंध में बताया कि शासन के नियद नेल्लानार योजना से सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित एवं सुदूर गांवों का विद्युतिकरण किया जा रहा है। इसमें से 22 गांव रोशन किया गया और 24 गांवों का विद्युतिकरण कार्य किया जा रहा है, जो शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### समीर शुक्ला ने किया 33वां बार रक्तदान

**जगदलपुर।** बोधघाट कालोनी निवासी समीर शुक्ला जिला प्रसार कार्यवाह एवं सेवा भारती प्रमुख संकुल समन्वयक पद पर कार्यरत हैं। जिन्होंने अभी तक 33 बार रक्तदान किया है। जीवन मृत्यु से जूझ रहे लोगों के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान के लिए आगे आए हैं। उनके इस सेवा भावी और मानवता के कार्य की न केवल रक्त प्राप्त करने वाले बल्कि समाज सेवा से जुड़े लोगों ने भी सराहना की है। बास्तानार में प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी ने बताया कि 33 बार रक्तदान करना आसान नहीं है लेकिन समीर शुक्ला ने जब भी किसी जरूरतमंद को खून की जरूरत पड़ी तो वे तत्पर रहे। उनका मानना है कि समय समय पर रक्तदान करने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### लाल चर्च के सदस्य बेंजामिन का सम्मान



**जगदलपुर।** मिशन इंडिया चर्च ऑफ गॉड के जनरल सेक्रेटरी विजय थम्पी मुंबई ने सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए लाल चर्च के सदस्य रत्नेश बेंजामिन को सम्मानित किया। इस दौरान मसीह समाज के संरक्षक जॉन डेनियल उपस्थित थे।

### रीता जोशी को मिली पीएचडी की उपाधि

**जगदलपुर।** शहर की शोधार्थी रीता जोशी पाणिग्राही ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करते हुए पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर से उपाधि मिली है। रीता जोशी का शोध कार्य ग्रामीण प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत है। जिसका विषय था बस्तर एवं जांजगीर-चांपा जिले की महिला स्व-सहायता समूहों की उद्यमशील क्षमताओं का तुलनात्मक अध्ययन। शोध कार्य में मार्गदर्शन डॉ कमल कुमार सेन का रहा। इस उपलब्धि पर परिजन, शिक्षाविदों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



### तथ्यहीन राजनीति करना कांग्रेस की है कार्यशैली

**जगदलपुर।** भाजपा मीडिया प्रभारी एवं पार्षद आलोक अवस्थी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण के अधिकार को रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है बल्कि नारीशक्ति के सम्मान का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ मिलकर नारीशक्ति वंदन अधिनियम को संसद में रोकने का प्रयास किया जिससे देश की आधी आबादी के अधिकारों पर कुठाराघात हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का विरोध करने के बाद कांग्रेस इसे जीत की तरह प्रस्तुत कर अपने राजनीतिक चरित्र को उजागर किया है। भ्रम फैलाना और तथ्यहीन राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी शैली है। संसद में महिला आरक्षण के विरोध में प्रस्तुत किए गए तर्कों को उन्होंने कुतर्क करार देते हुए कहा कि इससे कांग्रेस का वास्तविक चेहरा सामने आ गया है।



## समस्या : 10 साल के बाद भी नहीं आया एक लीटर पानी

# पानी के लिए त्राहि-त्राहि, कलेक्टोरेट के सामने बनी एक करोड़ की पानी टंकी वर्षों से शो पीस

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट के ठीक सामने स्थित 1 करोड़ रुपए लागत की पानी टंकी आला अधिकारी की ओर टकटकी निगाहों से अपने उपयोग होने के लिये गुहार लगा रही है। 2014-15 में स्वीकृत पानी टंकी के पूर्ण होने के बाद भी एक लीटर पानी क्षेत्र के वांशिदों को नसीब नहीं हुआ।

- 2017 को हैंडओव्हर कर दी गई थी टंकी

कलेक्टोरेट परिसर के ठीक सामने स्थित 1 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पानी टंकी अब खंडहर होने की कगार पर है। अनियमितता की भेंट चढ़ी 4 लाख लीटर की पानी टंकी से भले ही तीन विभागों ने चांदी काटी हो लेकिन नागरिकों के हिस्से में एक लीटर पानी तक नहीं आया है। एनएमडीसी द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए प्रति वर्ष करोड़ों रुपए सीएसआर मद से सुकमा जिले को दिया जाता रहा है। इसी के तहत 2014-15 में कलेक्टोरेट के ठीक सामने 400 किलो लीटर यानि 4 लाख लीटर क्षमता उच्च स्तरीय टंकी निर्माण किया गया था। जिसे समय रहते पूर्ण भी कर लिया गया था पर अधिकारियों की लापरवाही के चलते अब खंडहर होने की कगार पर पानी टंकी पहुंच गई है।



### कार्य की गुणवत्ता से हुआ खिलवाड़

सूत्रों की माने तो उक्त टंकी निर्माण में तकनीकी मापदंडो की अवेहलना की गई थी। जिस स्थान पर टंकी का निर्माण किया गया वहां से फिल्टर प्लांट की दुरी 5 किमी के लगभग है। साथ ही पाईप लाईन बिछाने वक्त लेआउट का ध्यान नहीं रखा गया है टेस्टिंग के दौरान ही पाईप लाईन ने जवाब दे दिया।

### मद एनएमडीसी का, कार्य जिला निर्माण समिति का

कुम्हारास स्थित कलेक्टोरेट के ठीक सामने स्थित पानी टंकी हेतु एनएमडीसी ने प्यास बुझाने के लिए 2014-15 में 4353 लाख रुपए जिला निर्माण समिति को दिए थे। वहीं उक्त कार्य की तकनीकी देखरेख का जिम्मा पीएचई सुकमा को दिया गया था। कार्य पूर्ण होने के बाद जब इसे प्रारंभ नहीं किया गया तो रख रखाव हेतु पूर्व कलेक्टर चंदन कुमार के द्वारा 38.40 लाख रुपर 2016 में स्वीकृत किया गया था। इस तरह से एक करोड़ के लगभग इस जलप्रदाय योजना के लिए खर्च किया गया।

### 2017 में हो गया था नपा को हैंडओवर

सुकमा नगरीय क्षेत्र में स्थित उक्त पानी टंकी को जहां एनएमडीसी ने राशि दी थी तो निर्माण हेतु नोडल जिला निर्माण समिति को बनाया गया था। वहीं तकनीकी देखरेख का जिम्मा पीएचई को था। इधर कार्य पूर्ण होने व सफल परीक्षण के उपरांत इसे पीएचई ने 17 जुलाई 2017 को नपा सुकमा को सौंप दिया था। बताया जाता है कि उस वक्त के सीएमओ के स्थानांतरण उपरांत कलेक्टर भी बदले गये और परिणाम स्वरूप पानी टंकी अब खंडहर स्थिति में पहुंच गई। और अब उक्त टंकी पर मधुमक्खियों ने अपना डेरा जमा लिया है।

### बोर के पानी से बुझा रहे प्यास

जिस वक्त पानी टंकी का निर्माण हुआ था तब सैकड़ो परिवार व जिले के आलाधिकारियों को स्वच्छ जल मिलने की उम्मीद जागी थी। लेकिन इन 10 वर्षो में न तो इस पानी टंकी से 1 लीटर पानी मिला और न ही स्वच्छ जल। आलम यह है कि कलेक्टारेट से लेकर जिला अस्पताल व वार्ड क्रं 14,15 के नागरिकों को आज भी बोर के पानी से अपनी प्यास बुझाने को मजबुर होना पड़ रहा है।

# पेट्रोल पंप में लूट का फरार आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगरनार थाना क्षेत्र स्थित धनपुंजी पेट्रोल पम्प में महिला स्टॉफ को नकली पिस्तौल दिखाकर लूट की व बाईक चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए आरोपी को नगरनार पुलिस ने मुबंई से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

- गर्ल्स स्टॉफ को नकली पिस्तौल दिखाकर दिया था घटना को अंजाम

मामले 23 मार्च को मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी जतीन यादव निवासी आदर्श सिंधुनगर धरमपुरा ने बताया कि 6 फरवरी की रात लगभग सात बजे अज्ञात आरोपी के द्वारा मोटर सायकल में आकर पेट्रोल पंप में कार्यरत गर्ल्स स्टाफ को पिस्तौल दिखाकर डरा धमका कर बैग में रखे रकम 18662 रुपए को बैग सहित लुटकर फरार हो गया। टीम द्वारा सायबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन मिलने पर टीम को मुंबई अलिबाग महाराष्ट्र रवाना किया गया था। टीम द्वारा आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने घटना को अंजाम देना कबूल किया। इसके बाद आरोपी साजन उर्फ संजन कुमार 22 वर्ष निवासी रसलपुर थाना बाजपट्टी जिला सीतामढ़ी जनकपुर रोड विहार हाल अलिबाग जिला रायगढ़ महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर थाना नगरनार लाया गया। आरोपी के कब्जे से लूट के रकम नगद मे से 5100 सौ रूपए के अलावा घटना में प्रयुक्त बाईक व मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि लूट की घटना को अंजाम देने के लिए लगभग 3 माह पूर्व उसने कोतवाली थाना क्षेत्र से बाईक चोरी किया था। बाईक चोरी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना में धारा 303 (2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर दोनो मामलो में न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

पहले चोरी फिर लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लूट की रकम व चोरी की बाईक बरामद करने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई महेन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक कृष्णा नेताम, महंगू कश्यप व बलराम कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रेत निकासी के लिए नदी पर बनाई मुरुम की अवैध सड़क को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

कोंडा मौसम क्षेत्र में इंद्रावती नदी पर बनाए गए अवैध रास्ते को प्रशासन ने कार्रवाई करते करीब 200 मीटर लंबी संरचना को ध्वस्त कर दिया है। यह रास्ता रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के लिए तैयार किया गया था। जिसे हटाने के लिए राजस्व, पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम यशवंत नाग, तहसीलदार लक्ष्मण कुमार राठिया, जनपद पंचायत के सीईओ, राजस्व निरीक्षक और पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई।

- राजस्व, पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



### पंचायत सचिव की रेत माफियाओं से सांठगांठ

बताया गया कि मामले में कुछ स्थानीय लोगों और बाहरी व्यक्तियों की भूमिका सामने आई है। तेलंगाना के कामलापुर निवासी जम्पाला करुणाकर सहित कुछ बाहरी रेत माफियाओं के नाम मिले हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर पंचायत सचिव रवि दुर्गम और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर रेत को तेलंगाना भेजने की तैयारी की जा चुकी थी।

टीम ने नदी के भीतर मुरुम और रेत डालकर बनाए गए मार्ग को हटाया और पानी के प्रवाह को प्रभावित करने के लिए लगाए गए ढांचों को भी तोड़ दिया। अवैध रूप से नदी के प्राकृतिक बहाव को मोड़ते हुए रास्ता तैयार किया गया था। इसके लिए नदी में बड़े पाइप लगाए गए थे, जिससे पानी को एक ओर डायवर्ट किया जा सके और दूसरी ओर वाहनों की आवाजाही आसान हो। साथ ही नदी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तड़के एनएच पर तेज रफ्तार बस पलटी, चालक समेत नौ घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोण्डागांव थाना क्षेत्र स्थित घोड़ागांव के करीब तड़के तीन बजे रायपुर से जगदलपुर आ रही बस के पलटने से चालक समेत नौ यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन को गंभीर चोट आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कोण्डागांव टीआई सौरभ उपाध्याय ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर से जगदलपुर की ओर तेज रफ्तार से आ रही दुबे ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 04 इए 4882 नेशनल हाईवे 30 में अनियंत्रित होकर सड़क में पलट गई। इस भीषण सड़क हादसे में चालक व परिचालक समेत नौ यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही भानपुरी टीआई हर्ष कुमार धुरधंर व कोण्डागांव टीआई सौरभ उपाध्याय टीम के साथ ▶▶| शेष पेज 12 पर

- कोण्डागांव थाना क्षेत्र स्थित घोड़ागांव व जोबा के बीच हुआ हादसा

## एआई और रोबोटिक्स को बच्चों ने जाना, कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद

# बस्तर के युवाओं को एआई तकनीक से जोड़ने दिया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के युवाओं को आधुनिक तकनीकों और डिजिटल युग की नई संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से विवेकानंद स्कूल सेजस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकों पर आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें तकनीकी नवाचार और रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित किया।

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी के आवश्यक कौशल जैसे समस्या समाधान, रचनात्मकता और तकनीकी समझ से सशक्त बनाना रहा। इस बैच में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया और शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन द पाई जैम फाउंडेशन द्वारा किया गया, जबकि इसके प्रभावी क्रियान्वयन एवं निगरानी में पीपीआईए फेलो की भूमिका रही।



प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को डिजाइन थिंकिंग के माध्यम से वास्तविक जीवन की समस्याओं की पहचान कर उनके व्यावहारिक समाधान विकसित करने की जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों ने एआई की मूल अवधारणाएं, कंप्यूटर विजन, डेटा प्रेडिक्शन और तकनीक के नैतिक उपयोग जैसे विषयों को भी समझा।

छात्र-छात्राओं ने आर्डुइनो और बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स की सहायता से छोटे-छोटे प्रोजेक्ट तैयार किए तथा तकनीक के उपयोग से दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान का अनुभव प्राप्त किया। यह अभिनव पहल विद्यार्थियों को डिजिटल युग की चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप तैयार करने के साथ-साथ उन्हें नवाचार और तकनीकी नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



